स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 20.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

घरेलु गैस कनेक्शन, पाकर महिलाएं बहुत खुश हुई
धुआं से मिली निजात

भिलाईनगर/ लोक सुराज अभियान के नौंवे दिन शा.उ.मा. विद्यालय कोहका जोन 01 एवं खुर्सीपार हनुमान मंदिर जोन 04 के निवासियों के लिए लक्ष्य समाधान शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ। वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसीन द्वारा 47 महिला हितग्राहियों को गैस कनेक्शन, 09 लोगों को बीपीएल राशन कार्ड, 08 पीडीएफ में नाम जोड़कर राशन कार्ड प्रदान किया गया। सौभाग्य योजना में 12 हितग्राहियों के घर में विद्युत कनेक्शन लगाया गया। शहरी आजीविका मिशन में प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों में फैंशन डिजाईनिंग 12, कम्प्युटर ट्रेनिंग 05, टैली 02, इसमें से चयनित 06 हितग्राहियों को जॉब के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया उन्हे प्रत्येक वर्ष में 72000 रुपये के हिसाब से राशि प्राप्त होगी। शासन द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के विभागों के प्रतिनिधि अपने–अपने काउंटरों पर उपस्थित थे। मुख्य रुप से बीपीएल राशन कार्ड, मजदुर कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना, आधार कार्ड, शहरी आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, लोककर्म, विद्युत, उद्यान, प्रधानमंत्री आवास, स्वास्थ्य, भवन अनुज्ञा, योजना, शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी अपने–अपने काउंटर पर उपस्थित थे। नगर निगम भिलाई द्वारा विशेष रुप से संम्पत्तिकर जमा करने एवं आधार कार्ड के पंजीयन की व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीपी, सुगर एवं अन्य बिमारियों की जांच कर दवाई प्रदान किया गया। जोन 04 में सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, हितग्राहियों को गैस कनेक्शन, राशन कार्ड, प्रशिक्षणोंपरान्त प्रमाण–पत्र एवं सौभाग्य योजना का कनेक्शन वितरित किये। लोक सुराज अभियान लक्ष्य समाधान के दौरान विधायक विद्यारतन भसीन, पार्षद श्रीमती धनेश्वरी सिन्हा, भोजराज भोजू, राजेश प्रधान, सोसन लोगन, पूर्व पार्षद संतोष श्रीरांगे, महेश वर्मा, एल्डरमेन शंकर लाल देवांगन, निगम के अधीक्षण अभियंता आर के साहू, सत्येन्द्र सिंह, जोन आयुक्त संजय शर्मा, संजय बागड़े, अभियंता सुनील दुबे, कुलदीप गुप्ता, आलोक पसीने, बसंत साहू, एवं निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनसम्पर्क विभाग